# निविदा प्रपत्र

## परियोजना प्रबन्धन इकाई,
## स्वजल परियोजना, उत्तराखण्ड
## प्रथम तल इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जिनियर्स भवन
## अपोजिट आई0एस0बी0टी0, देहरादून।

मूल्य–₹ 200.00
वैट –₹ 27.00

---

**कुल धनरशि– ₹ 227.00**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि दिनांकः– **21 नवम्बर, 2014 (अपरान्ह 3:00 बजे तक)**

2. मुहरबन्द निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांकः–**21 नवम्बर, 2014 (अपरान्ह 3:00 बजे तक)**

3. मुहरबन्द निविदा खुलने की तिथि दिनांकः– **21 नवम्बर, 2014 (अपरान्ह 4:00 बजे)**

**निदेशक**
**स्वजल परियोजना, उत्तराखण्ड।**

# 1. <u>निविदा सूचना</u>

परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड द्वारा निर्मल भारत के अन्तर्गत लगभग 12500 नोट बुक का मुद्रण कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त नोट बुक का लेआऊट, डिजाइनिगं तथा मुद्रण कार्य करने वाली इच्छुक एजेन्सियों/फर्मो/प्रतिष्ठानों से मुहरबन्द निविदा **दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को अपरान्ह 3:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो **दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को अपरान्ह 4:00** बजे निविदा समिति के सम्मुख निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (जो उपस्थित होना चाहें) की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति दोनों की दशा में खोल दी जायेगी।

निविदा प्रपत्र के दो भाग होगें। पहला भाग तकनीकी बिड (**प्रपत्र–1**) दूसरा भाग वित्तीय बिड (**प्रपत्र–2**) कहलायेगा। वित्तीय बिड में केवल निविदा की दरों से सम्बन्धित अभिलेख रखे जायेगें। नियम एवं शर्तो में उल्लिखित अन्य समस्त वांछित अभिलेख तकनीकी बिड में रखे जायेंगे। तकनीकी तथा वित्तीय बिड को पृथक–पृथक मोहरबन्द लिफाफों में रखना होगा। इनके ऊपर क्रमशः तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड लिखा होना चाहिये। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड के लिफाफों को एक बड़े मोहरबन्द लिफाफे में रख कर, बन्द कर जमा किया जायेगा। इस लिफाफे के उपर नोट बुक मुद्रण हेतु निविदा तथा निविदादाता का नाम व पता स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिये। निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति द्वारा पहले तकनीकी निविदा का मूल्यांकन किया जायेगा। जो निविदादाता तकनीकी रूप में सफल पाये जायेगें केवल उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी।

उपरोक्त मुद्रण हेतु इच्छूक फर्म/प्रतिष्ठान निविदा प्रपत्र **दिनांक 29 अक्टूबर, 2014 से दिनांक 21 नवम्बर, 2014 तक** किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से 3:00 बजे तक ₹ 200.00 ( ₹ दो सौ मात्र) + वैट 13.:5 प्रतिशत अतिरिक्त) स्वजल, पी0एम0यू0, देहरादून में जमा करने के उपरान्त लेखानुभाग से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र को बेवसाईट http://swajal.uk.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड की गयी निविदा परियोजना में जमा करते समय ₹ 227.00 निविदा मूल्य (वैट सहित) का बैंक ड्राफ्ट निविदा के साथ जमा करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

निदेशक
स्वजल परियोजना, उत्तराखण्ड।

## 2. 12500 नोट बुक के मुद्रण हेतु नियम एवं शर्तेः–

परियजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, उत्तराखण्ड द्वारा लगभग 12500 नोट बुक मुद्रित किया जाना है, जिसकी शर्ते व विष्टितायें निम्नानुसार हैः–

1. फर्म को कॉमर्शियल टैक्स में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. फर्म के पास मुद्रण हेतु न्यूनतम ऑफसेट दो कलर प्रिन्टिगं मशीन की व्यवस्था होना अनिवार्य है, जिसके लिये फर्म को उपलब्ध उपकरणों, संयत्रों आदि का स्पष्ट विवरण तथा उसके स्वामित्व का घोषणा–पत्र देना होगा।
3. फर्म का विगत तीन वर्षो का टर्न ओवर न्यूनतम प्रतिवर्ष 30 लाख प्रत्येक वर्ष में पृथक–पृथक होना आवश्यक है, जिससे सम्बन्धित तीन वर्ष का टर्नओवर का विवरण चार्टेड एकाउण्टेंट से प्रमाणित कर उपलब्ध कराना होगा।
4. फर्म को विगत तीन वर्षो के आयकर रिटर्न का विवरण उपलब्ध कराना होगा।
5. नोट बुक की विशिष्ठतायें निम्नानुसार होगीः–
    1. Note Books Size 9.5” X 7” (inch)
    2. Maplitho paper 70 GSM (Inner)
    3. Information Pages 20 Colored
    4. Hard Bond Binding with Rexene strip (**As per Sample seen in PMU office**)
    5. Cover Multi color
    6. Pages 200 Page

6. परियोजना द्वारा फर्म को दी गयी प्रकाशन सामग्री में कोई प्रिन्टिगं त्रुटि या प्रूफ की त्रुटि होती है, तो उसका उत्तरदायित्व मुद्रक का होगा तथा फर्म को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. नोट बुक का लेआउट, डिजाईनिगं कम्पोजिगं, प्रोसेसिगं, मुद्रण व बाईन्डिग के साथ इसमें प्रयुक्त होने वाले पेपर को भी सम्मिलित करते हुये नोट बुक का समेकित मूल्य एक नोट बुक हेतु दर, निविदा के साथ दिये गये प्रारूप पर मान्य होगा, इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर भी सम्मिलित माने जायेगें। यदि दर प्रस्तुत करने में नियमों का पालन नहीं किया जायेगा तो सम्बन्धित फर्म की निविदा निरस्त समझी जायेगी।
8. जिस फर्म की दरें स्वीकृत की जायेगी, उसे मुद्रण आदेश जारी किये जाने के अधिकतम 30 दिनों के अन्दर, नोट बुक मुद्रित कर परियोजना को आपूर्ति करनी होगी।
9. निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड को यह अधिकार होगा कि फर्म से मुद्रण कार्य कराये जाने से पूर्व सम्बन्धित अधिष्ठान का स्वंय अथवा अपने अधीनस्थ किसी भी अधिकारी से तथ्यों की जॉच के लिये निरीक्षण करा लें।
10. निविदा के साथ अर्नेष्ट मनी के रूप में 45000.00 (रू0 पैंतालीस हजार मात्र) की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/सी0डी0आर0 निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड के नाम बन्धक हो को जमा करनी होगी, जो देहरादून में देय (**Payable**) हो।
11. सफल निविदादाता को अनुबन्ध के समय कुल कार्य मूल्य का 10 प्रतिशत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट, निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड के पक्ष में बन्धक कर जमा कराना होगा। अर्नेष्ट मनी की धनराशि उक्त में समायोजित की जा सकती है तथा ₹ 100/ के स्टाम्प पेपर में अनुबन्ध हस्ताक्षरित करना होगा।
12. कार्य हेतु चयनित/स्वीकृत फर्म को रूपये 100 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का अनुबन्ध कराना होगा कि फर्म निविदा नियम व शर्तो के अनुरूप कार्य करेगी, ऐसा न करने पर जमानत की धनराशि जब्त की जायेगी।
13. फर्म को नोट बुक का लेआउट डिजाइनिगं का कार्य अपने डिजाइनर से आवश्यकता पडने पर स्वजल परियोजना, देहरादून के कार्यालय में करना होगा, इसके लिये फर्म के पास कुशल कार्मिकों का होना अनिवार्य होगा, जिसके लिये पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. यदि निविदा के अनुसार नोट बुक की विशिष्टितायें न होने पर जमानत की धनराशि जब्त की जायेगी एवं किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

15. चयनित फर्म से कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड का होगा, जो सभी को मान्य होगा।
16. किसी भी विवाद की दशा में प्रकरण को आर्विटेटर को सन्दर्भित किया जायेगा जिसका निर्णय उभयपक्षों को मान्य होगा। समस्त प्रकरणों में न्यायिक क्षेत्र जनपद न्यायलय देहरादून होगा।
17. निविदादाता 90 दिनों तक स्वीकृत दर पर कार्य करने हेतु बाध्य होगा, अन्यथा जमानत धनराशि जब्त की जायेगी।
18. मुद्रित सामग्री हेतु **FOR** कार्यालय निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, दि इन्स्टीटयूशन ऑफ इन्जीनियर्स बिल्डिगं प्रथम तल, ऑपोजिट आई0एस0बी0टी0, देहरादून होगा। इस स्थान पर आपूर्ति ली जायेगी। अतः दरें इसे ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत की जाये।
19. वर्तमान में लगभग 12500 नोट बुकों का मुद्रण प्रस्तावित है, जो 10 प्रतिशत कम/अधिक हो सकता है परन्तु भुगतान वास्तविक आपूर्ति हेतु किया जायेगा।
20. फर्म को किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी संस्थान/ विभाग द्वारा ब्लैकलिस्ट (**Blacklist**) न किया गया हो, का नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा। (**सलंग्न करें**)
21. निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून, उत्तराखण्ड का होगा।
22. तकनीकी बिड के साथ निम्न आवश्यक अभिलेख/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिनके बिना निविदा अस्वीकार की जायेगी–
    1. फर्म का पंजीकरण संख्या (व्यापार कर विभाग द्वारा निर्गत)
    2. प्रेस डिक्लेरेशन की छायाप्रति।
    3. प्रेस में उपलब्ध ऑफसेड दो कलर मशीनों का विवरण (साईज सहित)
    4. चार्टेड एकाउण्टेण्ट द्वारा सत्यापित फर्म का विगत तीन वर्षो का बैलेंस–शीट।
    5. फर्म का विगत तीन वर्षो के आयकर रिटर्न की प्रति।
    6. ब्लैक लिस्टेड न होने का शपथ पत्र (नोटरी से सत्यापित)
    7. नोट बुक का नमूना।
    8. अर्नेस्ट मनी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/सी0डी0आर0
    9. डाउनलोड किये गये फार्म हेतु भुगतान रू0 227/– का विवरण।
    10. विगत तीन वर्षो में किसी संस्थान में नोट बुक/डायरी मुद्रण का कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव का प्रमाण।
    11. निविदा की शर्तो के प्रत्येक पृष्ट में निविदादाता के हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा के साथ सलंग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
23. वित्तीय बिड निर्धारित प्रपत्र में ही दी जाये। निविदा में किसी भी अन्य स्थान पर यह दरें देने पर निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

हस्ताक्षर निविदादाता

## (प्रपत्र–1)
## 3. 12500 नोट बुक के मुद्रण हेतु तकनीकी निविदा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | : | |
| 2. | फर्म का पता | : | |
| 3. | (1) फर्म का कामर्शियल टैक्स में पंजीयन संख्या (छायाप्रति सलंग्न करें) | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| | (2) प्रेस का पंजीयन संख्या (छायाप्रति सलंग्न करें) | | **(सलंग्न है/नही)** |
| 4. | पैन कार्ड (छायाप्रति सलंग्न करें) | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 5. | विगत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक टर्न ओवर (चार्टेड एकाउण्टेण्ट द्वारा हस्ताक्षरित बैलेन्स शीट की छायाप्रति सलंग्न करें) | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 6. | विगत तीन वर्षो इन्कम टैक्स विवरणी की प्रति (छायाप्रति सलंग्न करें) | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 7. | कार्य अनुभव (संस्थान/विभागों में नोट बुक/डायरी मुद्रण किये जाने का प्रमाण छायाप्रति सलंग्न करें) | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 8. | ब्लैक लिस्टेड न होने से सम्बन्धित नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 9. | प्रेस में उपलब्ध आफसेड दो कलर मशीनों का विवरण | : | **(सलंग्न है/नही)** |
| 10. | विगत तीन वर्षो में किसी संस्थान में नोट बुक मुद्रण का कार्य करने का 01 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र | : | **(हॉ/नही)** |
| 11. | अर्नेष्ट मनी का विवरण | : | **रू0 45000/ बैंक का नाम............................................... बैंक ड्राफ्ट संख्या....................................................... दिनांक..................................................................** |
| 12. | डाउनलोड किये जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा किये जाने का विवरण | : | **रू0 227/ बैंक ड्राफ्ट/सी0डी0आर0 संख्या................ .....................................दिनांक............................................ ..................... बैंक का नाम...............................................** |
| 13. | नोट बुक बुक का नमूना सलंग्न किये जाने की स्थिति | : | **सलंग्न है/नहीं है** |
| 14. | निविदा की शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ में हस्ताक्षर कर उसे सलंग्न किये जाने की स्थिति | | **सलंग्न है/नहीं है** |

**(जो लागू न हो उसे काट दिया जाये)**

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य है एवं कोई भी तथ्य मेरे द्वारा छुपाया नहीं गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

सलंग्नकों की कुल संख्याः–

फर्म का नाम एवं पता.........................................................................

व्यापार कर पंजीयन संख्या.................................................................

टेलीफोन नम्बर......................................................................................

## (प्रपत्र–2)
## 4. 12500 नोट बुक के मुद्रण हेतु वित्तीय निविदा

निम्न विशिष्टताओं हेतु हमारी दरें निम्न हैः–

| क0 सं0 | कवर पृष्ट व भीतरी पृष्ट में प्रयुक्त होने वाले कागज का प्रकार एवं विष्टितायें | (दरें ₹ में) |
|---|---|---|
| 1. | 1. Dairy Size 9.5” X 7” (inch)<br>2. Maplitho paper 70 GSM (Inner)<br>3. Information Pages 20 Colored<br>4. Hard Bond Binding with Rexene strip (As per Sample)<br>5. Cover Multi color<br>6. Pages 200 Page | अंको में<br><br>शब्दों में |

**(उक्त दरें सभी प्रकार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों को सम्मिलित करते हुयी प्रति नोट बुक प्रस्तुत की जावें।)**

हम घोषणा करते है कि हमने निविदा की सम्पूर्ण शर्ते भली–भांति पढ़ ली है, एवं वह मुझे मान्य है तथा उक्त शर्तो के अधीन ही हम उक्त दरें प्रस्तुत कर रहें है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

फर्म का नाम एवं पता.......................................................

व्यापार कर पंजीयन संख्या.................................................

टेलीफोन नम्बर.........................................................................

**निविदा क्रमांक............................................**

**निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर**